अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 8 अक्तूबर 2025
कार्तिक कृष्ण द्वितीया
विक्रम संवत-2082

PAGE NO : 06 BOTTOM


# अंडर-19 में दक्ष का चयन

**बरेली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से हाल ही में बीनू मानगढ़ अंडर-19 ट्रॉफ़ी के ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें शहर के दक्ष का अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए चयन हुआ है। वह यूपी की टीम से खेलने के लिए रांची रवाना हो चुके हैं। दक्ष एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में कोच मनीष के निर्देशन में अभ्यास करते हैं। कोच मनीष ने बताया कि दक्ष बाएं हाथ के स्पिनर हैं। यदि वह इस बार अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उनका चयन कूच बिहार ट्रॉफी के लिए हो सकता है। संवाद